चंदन का पेड़ चोरी से काटने का विरोध करने पर वृद्ध की हत्या

आरोपी फरार, पुलिस कर रही तलाश

नवभारत न्यूज

रीवा, 19 अप्रैल, रीवा शहर के चोरहटा थाना अन्तर्गत नौवस्ता पुलिस चौकी क्षेत्र में चंदन का पेड़ काट कर चोरी करने का विरोध करने पर रविवार की सुबह वृद्ध की चाकू मार कर हत्या कर दी गई.

शुक्रवार को मृतक के घर से चंदन का पेड़ चोरी हुआ था, जिसका उन्होंने विरोध किया था और कुछ लोगो पर आरोप भी लगाया था. इसी रंजिश के चलते बदमाशों ने इस वारदात को अंजाम दिया. घटना के बाद से फरार मुख्य आरोपी राहुल पाठक की तलाश में पुलिस दबिश दे रही है. दिनदहाड़े हुई इस हत्या से पूरे इलाके में दहशत का माहौल है.

परिजनों के अनुसार शुक्रवार को बुजुर्ग उमाकांत मिश्रा के घर में लगा चंदन का पेड़ बदमाशों ने काटकर चोरी कर लिया था. उमाकांत ने इस कटाई और चोरी का कड़ा विरोध किया था. इसके बाद से ही बदमाश उनसे रंजिश रख रहे थे. इसी रंजिश के चलते रविवार सुबह करीब 11:30 बजे बदमाशों ने उमाकांत पर चाकुओं से जानलेवा हमला कर दिया. खून से लथपथ बुजुर्ग को तत्काल अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. मृतक के परिजन अरुण कुमार मिश्रा ने नौबस्ता चौकी पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाया है. उनका कहना है कि पेड़ चोरी होने के बाद उन्होंने पुलिस से शिकायत कर खतरे की आशंका जताई थी. लेकिन पुलिस ने इसे गंभीरता से नहीं लिया. परिजनों का कहना है कि अगर पुलिस समय पर ठोस कार्रवाई करती, तो हत्या को रोका जा सकता था. पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए संजय गांधी अस्पताल भेजा है.

पुलिस ने घटना स्थल पर की जांच

थाना प्रभारी चोरहटा पवन शुक्ला ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है, आरोपी राहुल पाठक है. पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है और जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा. रविवार सुबह घटना के बाद से ही आरोपी राहुल फरार है, जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस संभावित ठिकानों पर तलाश कर रही है.

भालू के हमले से एक की मौत, दो घायल

संजय टाइगर रिजर्व क्षेत्र की घटना, 8 लाख की अनुग्रह सहायता राशि स्वीकृत

नवभारत न्यूज

सीधी, 19 अप्रैल. संजय टाइगर रिजर्व के मड़वास रेंज अंतर्गत भजिगांव बीट के ग्राम नवनगर में भालू के हमले की हृदयविदारक घटना सामने आई है। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम नवनगर निवासी चंद्रबली सिंह पिता लखपति सिंह 58 वर्ष

की भालू के हमले में मृत्यु हो गई। वहीं शंकर सिंह पिता धरमजीत सिंह 50 वर्ष एवं रामदास सिंह पिता बृजभान सिंह 35 वर्ष के हमले में घायल हो गए। दोनों घायलों को तत्काल उपचार के लिए पोंडी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। वन विभाग एवं राजस्व विभाग की टीम द्वारा घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया गया तथा क्षेत्र में सतर्कता बढ़ा दी गई है। ग्रामीणों को जंगल क्षेत्र में जाने के दौरान विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी गई है।

पीड़ित पक्ष के प्रति दिखाई संवेदनशीलता

घटना के पश्चात वन विभाग द्वारा मानवीय संवेदनशीलता दिखाते हुए मृतक की पत्नी को उपसंचालक टाइगर रिजर्व राजेश कन्ना टी द्वारा 20 हजार रुपये की तत्काल सहायता राशि प्रदान की गई है। साथ ही शासन के प्रावधानों के अनुसार 8 लाख की अनुग्रह राशि स्वीकृत की गई है, जिसका भुगतान नियमानुसार शीघ्र किया जाएगा। इस दौरान उपखंड अधिकारी मझौली आरपी त्रिपाठी भी उपस्थित रहे। जिला प्रशासन एवं वन विभाग ने इस दुखद घटना पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत के परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट की है। प्रशासन ने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना भी की है।

ट्रांसमिशन टावरों एवं सबस्टेशन के आसपास उत्खनन पर लगा प्रतिबंध

नवभारत न्यूज

सतना 19 अप्रैल. मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) सतना के ट्रांसमिशन लाइन मेंटेनेंस संभाग के प्रस्ताव पर जिला प्रशासन ने महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए ट्रांसमिशन टावरों तथा 220 केवी एक्स्ट्रा हाई टेंशन सबस्टेशन सतना (सितपुरा) के आसपास किए जा रहे वैध एवं अवैध उत्खनन पर प्रतिबंध लगा दिया है।

इस कदम से न केवल ट्रांसमिशन टावरों की संरचनात्मक सुरक्षा सुनिश्चित हुई है, बल्कि उनके कमजोर होकर ध्वस्त होने की आशंकाओं को भी प्रभावी रूप से रोका जा सका है। इसके अतिरिक्त, इस निर्णय से संभावित विद्युत व्यवधान एवं जन-धन हानि के जोखिम को टालने में भी सहायता मिली है। सतना जिले में 220 केवी एवं 132 केवी ट्रांसमिशन टावरों के आसपास बड़े पैमाने पर मुरम एवं मिट्टी का उत्खनन किया जा रहा था, जिससे इन टावरों की स्थिरता पर गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया था। इस स्थिति को गंभीरता से लेते हुए नागौद के स्थानीय प्रशासन ने टावरों के पास उत्खनन पर प्रतिबंध लगाया है। एमपी ट्रांसको द्वारा भी तकनीकी स्तर पर टावरों की सुरक्षा सुनिश्चित की गई हैं। स्थिति की गंभीरता को समझते हुए प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई की और नागौद क्षेत्र में ट्रांसमिशन टावरों के आसपास मिट्टी एवं मुरम के उत्खनन पर धारा 163 के तहत तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लागू कर दिया।

एमपी ट्रांसको के सतना क्षेत्र में विस्तृत ट्रांसमिशन नेटवर्क है, जिसमें 132 केवी लाइनों की रूट लंबाई 1506.4 किमी, सर्किट लंबाई 2193.6 किमी तथा 5153 टावर शामिल हैं। वहीं 220 केवी लाइनों की रूट लंबाई 675.25 किमी, सर्किट लंबाई 1316.18 किमी तथा 2292 टावर सम्मिलित हैं।

मैहर जिले में बनाए गए 1271 गणना ब्लॉक

मैहर 19 अप्रैल. भारत की जनगणना का कार्य मैहर जिले में शुरू हो चुका है। प्रथम चरण में 16 अप्रैल से 30 अप्रैल तक स्व गणना एप के माध्यम से कोई भी नागरिक अपने मोबाइल पर एप डाउनलोड कर अपनी स्व गणना कर सकता है। इसके बाद 1 मई से प्रगणकों द्वारा घर-घर जाकर गणना की जाएगी।

तेज रफ्तार पिकअप का कहर : बाइक सवार युवक की मौत, दूसरा गंभीर

परिजनों ने आरोपी की गिरफ्तारी की उठाई मांग

नवभारत न्यूज

सीधी, 19 अप्रैल. जिले के अमिलिया थाना क्षेत्र में रविवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

हादसा अमिलिया-चुरहट मार्ग पर डिंडली पेट्रोल पंप के सामने हुआ, जहां तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। मौके पर ही तोड़ा दम, दूसरा युवक जिंदगी से जूझ रहा। जानकारी के अनुसार टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार संतोष द्विवेदी निवासी डिंडली ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। बताया जा रहा है कि वह घर से बाजार के लिए निकले थे, तभी यह हादसा हो गया। वहीं बाइक पर सवार दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे तत्काल एंबुलेंस से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अमिलिया ले जाया गया, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। घायल युवक की पहचान खबर लिखे जाने तक नहीं हो सकी थी। घटना के बाद मौके पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। कुछ समय के लिए यातायात भी प्रभावित रहा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक दूर जा गिरी और दोनों युवक सड़क पर गिर पड़े। घटना के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। हादसे के बाद पिकअप चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही अमिलिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

परिजनों में आक्रोश, शव उठाने से किया इंकार

घटना के बाद मृतक के परिजनों में भारी आक्रोश देखने को मिला। मृतक की पत्नी रानी ने साफ कहा कि जब तक आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं होगी, तब तक वे शव को पोस्टमार्टम के लिए नहीं ले जाने देंगे। इस दौरान मौके पर कुछ समय के लिए तनाव की स्थिति भी निर्मित हो गई, जिसे पुलिस ने समझाइश देकर नियंत्रित किया। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और फरार वाहन की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपी को पकड़कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

डकैती में सोती रही सिंगरौली पुलिस, आरपीएफ ने बचाई लाज

चार फरार की तलाश जारी, आरोपियों की फोटो जारी करने में लग गए 6 घंटे, पुलिस की सुस्ती पर खड़े हो रहे सवाल

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 19 अप्रैल। मुख्यालय में दिनदहाड़े हुई डकैती ने पुलिस व्यवस्था की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। बैंक में घुसकर बंदूक की नोक पर लूट की वारदात को अंजाम दिया गया और आरोपी बेखौफ तरीके से फरार हो गए, लेकिन स्थानीय पुलिस को इसकी भनक तक नहीं लगी। घटना के बाद भी जिस तत्परता की उम्मीद थी, वहां सुस्ती और लापरवाही साफ नजर आई।

फिलहाल आरपीएफ बिहार से एक आरोपी को गिरफ्तार किया और सिंगरौली पुलिस को सुपुर्द किया। जहां आज रविवार को न्यायालय में पेश किया गया और पुलिस को 8 दिन की रिमांड मिली है। सबसे हैरान करने वाली बात यह रही कि आरोपियों की फोटो जारी करने में पुलिस को करीब 6 घंटे का समय लग गया। यह देरी केवल एक चूक नहीं, बल्कि पूरे सूचना तंत्र की नाकामी को उजागर करती है। सवाल यह उठ रहा है कि आखिर किस वजह से इतनी देर हुई, क्या पुलिस के पास तत्काल कार्रवाई का कोई प्रभावी सिस्टम नहीं है या फिर जिम्मेदारी से बचने का खेल चल रहा है। इसी बीच जिस कार्रवाई की जिम्मेदारी सिंगरौली पुलिस पर थी, उसे रेलवे सुरक्षा बल ने अंजाम दिया। मुख्य आरोपी को बिहार के डेहरी ऑन सोन रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार कर लिया गया। इसके बाद उसे सिंगरौली लाया गया और

अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे 8 दिन की रिमांड पर भेज दिया गया है। आरपीएफ की इस तेजी ने स्थानीय पुलिस की सुस्ती को और ज्यादा उजागर कर दिया है। घटना की गंभीरता को देखते हुए प्रदेश के बड़े अधिकारी भी हरकत में आए। डीजीपी, आईजी और डीआईजी ने सिंगरौली में डेरा डालकर हालात की समीक्षा की और अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए। लेकिन बड़ा सवाल यही है कि जब शीर्ष स्तर के अधिकारी मौके पर मौजूद थे, तब भी शुरुआती कार्रवाई में इतनी बड़ी चूक कैसे हो गई। फिलहाल इस मामले में चार अन्य आरोपी फरार हैं और उनकी तलाश जारी है। पुलिस की टीमें लगातार दबिश देने का दावा कर रही हैं, लेकिन शुरुआती ढिलाई के कारण आरोपियों को भागने का पूरा मौका मिल गया। यही वजह है कि अब आम जनता के बीच पुलिस की कार्यशैली को लेकर गहरा असंतोष देखने को मिल रहा है। इस घटना ने राजनीतिक माहौल को भी गर्मा दिया है। विपक्षी दल भाजपा और कांग्रेस दोनों ही पुलिस प्रशासन पर हमलावर हैं। उनका साफ कहना है कि यह केवल एक डकैती नहीं, बल्कि कानून-व्यवस्था की विफलता का उदाहरण है, जहां अपराधी बेखौफ हैं और पुलिस सिर्फ बाद में सक्रिय होती है।

पकड़े गए आरोपी से पूछताछ जारी

आरोपी से पूछताछ जारी है, लेकिन पुलिस की कार्यशैली पर उठ रहे सवाल थमने का नाम नहीं ले रहे। आरोपी से आईजी, डीआईजी और एसपी स्तर के अधिकारी गहन पूछताछ कर रहे हैं, फिर भी शुरुआती सुस्ती और लापरवाही की भरपाई होती नहीं दिख रही। घटना के वक्त पुलिस की निष्क्रियता ने अपराधियों को खुला मौका दिया, जिसका खामियाजा अब पूरी व्यवस्था को भुगतना पड़ रहा है। सवाल साफ है जब समय पर कार्रवाई नहीं हुई, तो अब पूछताछ से क्या हासिल होगा, जनता जवाब चाहती है और जिम्मेदारी तय होना बाकी है।

देवरी में कुएं में डूबने से वृद्धा की दर्दनाक मौत

नवभारत न्यूज

सीधी, 19 अप्रैल. जिले के भुईमाड़ थाना क्षेत्र ग्राम पंचायत गैवटा अंतर्गत देवरी गांव में रविवार की भोर एक हृदयविदारक घटना सामने आई, एक वृद्धा का शव गांव के पास स्थित कुएं से बरामद किया गया।

घटना के बाद पूरे गांव में शोक और स्तब्धता का माहौल व्याप्त है। देवरी निवासी राजकुमार पनिका अपने भांजे शिब्बू पनिका के साथ थाना भुईमाड़ पहुंचकर मौखिक सूचना दर्ज कराई कि शनिवार रात परिवार के सभी सदस्य भोजन करने के बाद अपने-अपने स्थान पर सो गए थे। रविवार सुबह करीब 4 बजे जब उनकी नींद खुली तो उन्होंने देखा कि उनकी 63 वर्षीय मां गुजरतिया पनिका, पत्नी स्व. सीताप्रताप पनिका, घर में मौजूद नहीं थीं। परिजनों ने पहले घर और आसपास उनकी तलाश की लेकिन जब कहीं कोई पता नहीं चला तो चिंता बढ़ गई। इसी दौरान राजकुमार को आशंका हुई कि शौच के लिए बाहर जाते समय उनकी मां कहीं पास के कुएं में तो नहीं गिर गईं। इसके बाद उन्होंने अपने बड़े भाई शिवकुमार पनिका और अन्य परिजनों के साथ सुबह करीब 5 बजे गांव के कुएं के पास पहुंचकर तलाश शुरू की। कुएं के समीप पहुंचने पर वहां टॉर्च और चप्पल पड़े मिले, जिससे अनहोनी की आशंका और गहरा गई। परिजनों ने लोहे के कांटे की सहायता से कुएं में तलाश की तो वृद्धा के वस्त्र उसमें फंस गए और कुछ ही देर में उनका शव पानी से बाहर निकाल लिया गया। परिजनों ने शव की पहचान गुजरतिया पनिका के रूप में की। बताया गया कि गुजरतिया पनिका लंबे समय से बीमारी से पीड़ित थीं। उन्हें चलने-फिरने में कठिनाई होती थी और दृष्टि भी कमजोर हो गई थी। परिजनों का अनुमान है कि अंधेरे में संतुलन बिगड़ने के कारण वह कुएं में गिर गईं, जिससे पानी में डूबने से उनकी मृत्यु हो गई।

बाल विवाह रोकने कलेक्टर ने मांगा सहयोग

नवभारत न्यूज

सतना 19 अप्रैल. कलेक्टर सतना डॉ. सतीश कुमार एस ने वैवाहिक कार्यक्रम में सेवायें देने वाले सेवा प्रदाताओं से अक्षय तृतीया के अवसर पर होने वाले बाल विवाह को रोकने एवं सतना जिले को बाल विवाह रहित बनाने में सहयोग की अपेक्षा की है। कलेक्टर ने जिले के प्रिंटिंग प्रेस एसोसियेशन, हलवाई, केटरर, धर्मगुरु, समाज के मुखिया, बैंड वाला, घोड़ा वाला, टेंट हाउस एवं ट्रांसपोर्ट एसोसियेशन के संचालकों से कहा है कि बाल विवाह की स्थिति प्रतीत होने पर विवाह के पूर्व वर-वधु के उम्र संबंधित दस्तावेजों का परीक्षण अवश्य कर लें।

जरूरी सूचना - तत्काल आवश्यकता है
सिक्योरिटी गार्ड एवं अनुभवी सिक्योरिटी सुपरवाइजर की
वेतन सिक्योरिटी गार्ड- रु.20500 से 23000 तक,
वेतन सिक्योरिटी सुपरवाइजर-रु.23000 से 26000 तक
अन्य लाभ भविष्य निधि, कर्मचारी राज्य बीमा कम्पनी की कंटीन में खाना सस्ते दर से उपलब्ध होगा। दो समय की चाय फ्री, रहना फ्री।
तुरंत सम्पर्क करे पायोनियर सिक्योरिटी एस.पी.अग्निहोत्री एरिया मैनेजर
पता: वार्ड क्रमांक-22, प्रियदर्शनी नगर, आशा इंटरनेशनल स्कूल के पास, उतैली, सतना, म.प्र
9752686373, 9512007814

मैहर के सामूहिक विवाह सम्मेलन में दो सौ जोड़े दाम्पत्य सूत्र में बंधे

नवभारत न्यूज

मैहर 19 अप्रैल. मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह योजना के अंतर्गत जनपद पंचायत एवं नगर पालिका मैहर में आयोजित विवाह सम्मेलनों में कुल 200 जोड़े दाम्पत्य सूत्र में बंधे।

कार्यक्रम गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ, जहां जन प्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद प्रदान कर उनके सुखद वैवाहिक जीवन की कामना की। जनपद पंचायत मैहर द्वारा आयोजित सम्मेलन में ग्रामीण क्षेत्र के 150 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया। कलेक्टर श्रीमती बिदिशा मुखर्जी ने नवविवाहित जोड़ों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर होने वाला विवाह जीवनभर के अटूट बंधन का प्रतीक होता है। उन्होंने दंपतियों को जीवन के हर सुख-दुख में साथ निभाने और खुशहाल जीवन जीने का संदेश दिया। इस अवसर पर विधायक मैहर श्रीकांत चतुर्वेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल, नगर पालिका अध्यक्ष गीता संतोष सोनी, जनपद अध्यक्ष आकांक्षा लोधी, जिला पंचायत सदस्य जयंती तिवारी, कलेक्टर श्रीमती बिदिशा मुखर्जी, एसडीएम मैहर दिव्या पटेल एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी अशोक तिवारी उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने नवयुगल को आशीर्वाद देते हुए शासन की ओर से निर्धारित अनुदान राशि भेंट की।

इसी प्रकार मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह सम्मेलन नगर पालिका मैहर के तत्वावधान में देवी जी रोड स्थित पर्यटक सूचना केंद्र में आयोजित कार्यक्रम में शहरी क्षेत्र के 50 जोड़ों का सामूहिक विवाह संपन्न कराया गया। इस अवसर पर भी जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने नव विवाहित जोड़ों को आशीर्वाद प्रदान कर उन्हें शासन की योजनाओं का लाभ दिलाया। दोनों आयोजनों में संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि, नगर के गणमान्य नागरिक एवं ग्राम पंचायतों के सरपंच-सचिव उपस्थित रहे।

संदिग्ध हालत में फंदे में झूलता मिला अधेड़ का शव

नवभारत न्यूज

सीधी, 19 अप्रैल. जिले के मड़वास थाना अंतर्गत ग्राम पनिहा में एक अधेड़ व्यक्ति का शव संदिग्ध हालत में दीवाल के बाहर फांसी के फंदे में लटका मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई।

बिहारी लाल गुप्ता उम्र 56 वर्ष के शव का पैर पूरी तरह से जमीन में रखा हुआ था। ऐसे में फांसी का लगाया गया फंदा पहली नजर में ही संदिग्ध नजर आ रहा था। लोगों की भारी भीड़ मौके पर जमा हो गई और सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंचकर पंचनामा कार्रवाई में जुट गई। पंचनामा के पश्चात शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत की वस्तुस्थिति सामने आ सकेगी। उधर मृतक के परिजनों ने इस घटना को लेकर गंभीर सवाल उठाते हुए कहा कि यह सुनियोजित तरीके से हत्या की गई है।

प्रवेश प्रारंभ 2026-27
इंडियन चिल्ड्रेन एकेडमी
हायर सेकेंडरी स्कूल गणित। जीव विज्ञान। वाणिज्य। कला
सुविधा- योग्य एवं अनुभवी शिक्षक, लाइब्रेरी,
स्मार्ट क्लास, प्रेक्टिकल एवं बस सुविधा
नर्सरी से 12वीं / माध्यम : अंग्रेजी, हिन्दी
पता: पोस्ट ऑफिस रोड बैढ़न मोबाइल: 9826861958, 9926391442

देवसर-चितरंगी में गूंजे शहनाई के सुर, 150 जोड़े बंधे परिणय सूत्र में

मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत आयोजन, जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में हुए सामूहिक विवाह

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 19 अप्रैल। जिले के देवसर और चितरंगी क्षेत्र में आज रविवार को सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन हुआ, जहां कुल 150 जोड़ों ने एक-दूजे का हाथ थामकर नए जीवन की शुरुआत की।

जनपद पंचायत चितरंगी में आयोजित समारोह में करीब एक सैकड़ा जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ, जबकि जनपद पंचायत देवसर अंतर्गत नगर परिषद बरगवां के सामुदायिक केंद्र में मुख्यमंत्री कन्या विवाह एवं निकाह योजना के तहत 50 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे।

चितरंगी कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्यमंत्री राधा सिंह शामिल हुईं। वहीं देवसर में आयोजित समारोह में विधायक राजेंद्र मेश्राम, जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रणव पाठक एवं भाजपा जिलाध्यक्ष सुंदर लाल शाह की उपस्थिति रही। अतिथियों ने नवविवाहित जोड़ों पर पुष्पवर्षा कर उनके सुखद दांपत्य जीवन की कामना की। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए बड़ी राहत बनकर सामने आई है। यह न केवल बेटियों के सम्मान को बढ़ावा देती है, बल्कि समाज में समानता और समरसता का संदेश भी देती है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन सामाजिक एकजुटता को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम का सफल संचालन जनपद पंचायत देवसर के सीईओ संजीव तिवारी के नेतृत्व में किया गया। उनकी देखरेख में सभी व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित रहीं। इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी देवेन्द्र द्विवेदी, नगर परिषद अध्यक्ष प्रमिला वर्मा, अनुराधा सिंह मरकाम, पूर्व विधायक सुभाष रामचरित्र सहित कई जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे।

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा.लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा प्लाट नं.34, इंडस्ट्रियल एरिया, सतना से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., इंडस्ट्रियल एरिया से मुद्रित. संपादक- संजय पयासी* फोन- 250587, फैक्स- 224642 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. 72181/99